# कलेक्टर ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

- लापरवाही करने वाल तीन पर शास्ति
- जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 43,788 रुपए है



नवभारत न्यूज

**हरदा, 5 अगस्त. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया. उन्होंने वेयरहाउस में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी अधिकारियों से ली.**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वेयरहाउस की सुरक्षा, निगरानी तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के पालन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए. इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे.

### लोक सेवा गारंटी में लापरवाही पर तीन अधिकारियों पर शास्ति

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने तीन अधिकारियों के विरुद्ध शास्ति अधिरोपित की है. नायब तहसीलदार हरदा भगवानदास तमखानिया पर तीन आवेदनों के समय पर निराकरण नहीं करने पर 3 हजार रुपए, तहसीलदार रहटगांव देवशंकर धुर्वे पर पांच आवेदनों के लंबित रहने पर 2,500 रुपए तथा सीएमओ सिराली जयंत वर्मा पर एक आवेदन के निराकरण में देरी के लिए 500 रुपए की शास्ति लगाई गई है. राशि सात दिन में चालान के माध्यम से जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं.

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, 10 प्रकरण दर्ज

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विक्रय, परिवहन और संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 प्रकरण दर्ज किए. खेड़ीपुरा, बैरागढ़, अनाज मंडी सहित हाईवे किनारे ढाबों और विभिन्न गांवों में की गई कार्रवाई में 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, 280 किलो महुआ लाहन, 63 पाव देशी शराब और चार केन बोल्ट बीयर जब्त की गई. जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 43,788 रुपए है.

## 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म की कोशिश

**नर्मदापुरम.** शहर में 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है आरोपी कोई बाहरी नहीं, बल्कि बालिका का 38 वर्षीय ममेरा भाई है. घटना के बाद सहमी बच्ची करीब एक सप्ताह तक खौफ के कारण चुप रही. आखिरकार उसने हिम्मत जुटाकर चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल कर पूरी घटना की जानकारी दी और अपनी बड़ी बहन को भी आपबीती सुनाई. इसके बाद मंगलवार रात उसकी मां उसे लेकर देहात थाने पहुंची, जहां आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया. पीड़िता की मां का तलाक हो चुका है और वह अपनी बेटियों के साथ मायके में रहती है. आरोपी का घर में आना-जाना था. बड़ी बहन ने मां को आरोपी ममेरे भाई के बारे में बताया. मंगलवार रात को उन्होंने देहात थाने में शिकायत की.

## प्रस्फुटन शक्ति संचय एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित




**बनखेड़ी, 5 अगस्त.मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय बनखेडी के सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, परामर्शदाताओं एवं सीएम इंटर्न ने सहभागिता की जिला समन्वयक कोकिला चतुर्वेदी ने सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वुलत कर ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी ने स्वैच्छिकता पर्व, हरियाली यात्रा, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, एवं तिरंगा यात्रा अभियान की जानकारी देते हुए नवाकुर सखियों की सहभागिता बढ़ाने हेतु इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया. दूसरे सत्र में भोजन उपरांत ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए वृक्षारोपण पर बल दिया.

### एक नजर में



## कल को होगी राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज

**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों, प्राकृतिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का जिला स्तरीय आयोजन 7 अगस्त को शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय में होगा. प्रतियोगिता में जिले के शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालयों की कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे. जिले के 112 विद्यालयों ने प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया है. प्रतियोगिता दो चरणों में होगी. पहले चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें मध्यप्रदेश के पर्यटन, इतिहास, संस्कृति, राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित करीब 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे. लिखित परीक्षा के आधार पर छह टीमों का चयन ऑडियो-वीडियो राउंड के लिए किया जाएगा .जिला स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से तीन दिन और दो रात का पर्यटन भ्रमण पैकेज दिया जाएगा. वहीं चौथे से छठे स्थान तक रहने वाली टीमों को दो दिन और एक रात का भ्रमण पैकेज मिलेगा. जिला स्तरीय विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी.

## विशेष प्रवर्तन अभियान में 529 वाहनों पर कार्रवाई




**नर्मदापुरम.** यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और वाहनों में वीआईपी संस्कृति पर अंकुश लगाने के लिए नर्मदापुरम पुलिस का विशेष प्रवर्तन अभियान जारी है. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 1 से 10 अगस्त तक चल रहे अभियान के तीसरे दिन जिलेभर में सघन वाहन जांच की गई. इस दौरान 154 वाहनों के चालान कर 69,500 रुपए का समन शुल्क वसूला गया. अभियान के पहले तीन दिनों में कुल 529 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 2 लाख 33 हजार 700 रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है. जांच के दौरान निजी वाहनों में लगाए गए अवैध हूटर, सायरन, फ्लैशर लाइट, वीआईपी एवं शासकीय स्टिकर, अनधिकृत पदनाम और मोनोग्राम, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा ब्लैक फिल्म के खिलाफ कार्रवाई की गई. तीसरे दिन एक अवैध हूटर, दो फ्लैशर लाइट, 24 ब्लैक फिल्म लगे वाहन, 35 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और तीन अनधिकृत पदनाम के मामलों में वैधानिक कार्रवाई की गई. इसके अलावा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के भी चालान बनाए गए. अभियान पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन और यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है. पुलिस ने वाहन चालकों से अवैध हूटर, फ्लैशर, वीआईपी-शासकीय स्टिकर, अनधिकृत पदनाम, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म तत्काल हटाने की अपील की है. अभियान 10 अगस्त तक जारी रहेगा.

## विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**पिपरिया.** शालेय विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता सत्र 2026 का आयोजन सेंट जोसफ हायर सेकंडरी स्कूल में किया गया. प्रतियोगिता में बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. यह आयोजन शालेय राज्य एवं जिला स्तरीय वार्षिक खेल कैलेंडर 2026-27 तथा विकासखंड शिक्षा एवं क्रीड़ा अधिकारी के निर्देशानुसार हुआ. प्रतियोगिता में मिनी वर्ग में कक्षा छठवीं के करन पटेल, जूनियर वर्ग में कक्षा नौवीं के आर्यन राय और वेदांश पटेल तथा सीनियर वर्ग में कक्षा बारहवीं के तिलक दायमा और कक्षा दसवीं के अतिशय जैन ने हिस्सा लिया. खिलाड़ियों ने अपनी रणनीतिक क्षमता और शतरंज कौशल का प्रदर्शन किया.

## 35 लाख की वसूली के लिए 7 हेक्टेयर कृषि भूमि कुर्क

राशि जमा नहीं करने पर होगी नीलामी



नवभारत न्यूज

**हरदा, 5 अगस्त. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार जिले में लंबित राजस्व बकाया की वसूली के लिए सख्त कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में ग्राम हरदाखुर्द के बकायादार संदीप पिता लक्ष्मीनारायण की करीब 7 हेक्टेयर कृषि भूमि को 35 लाख रुपये की बकाया राशि की वसूली के लिए कुर्क किया गया है.**

राजस्व विभाग के अनुसार बकायादार को कई बार बकाया राशि जमा करने का अवसर दिया गया, लेकिन राशि जमा नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई अनुविभागीय दंडाधिकारी अशोक डेहरिया के मार्गदर्शन में तहसीलदार महेंद्र चौहान, राजस्व निरीक्षक, ग्राम चौकीदार एवं माल जमादार की उपस्थिति में संपन्न हुई.

### बकायादारों से जुर्माना संबंधी अपील

राजस्व विभाग ने सभी बकायादारों से अवैध खनन से संबंधित जुर्माना, डायवर्सन शुल्क एवं अन्य लंबित राजस्व बकाया समय पर जमा करने की अपील की है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद राशि जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध कुर्की और नीलामी जैसी वैधानिक कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी.

तहसीलदार महेंद्र चौहान ने बताया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया राशि जमा नहीं की गई तो कुर्क की गई भूमि की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी. इसके लिए जल्द ही नीलामी संबंधी विज्ञप्ति जारी की जाएगी, जिसके माध्यम से इच्छुक व्यक्ति नियमानुसार भूमि क्रय कर सकेंगे.

## लिफ्ट लगाने के नाम पर रिटायर्ड शिक्षिका से 4 लाख की ठगी

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 5 अगस्त. शहर के कालिकानगर में रहने वाली 74 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका दीपाली शर्मा से लिफ्ट लगाने के नाम पर 4 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है.**

एडवांस राशि लेने के बावजूद कंपनी ने न तो लिफ्ट लगाई और न ही पैसे वापस किए. परेशान बुजुर्ग महिला अपने दिव्यांग बेटे को व्हीलचेयर पर लेकर मंगलवार को कोतवाली थाने पहुंचीं. पुलिस ने देर रात भोपाल की लिफ्ट कंपनी के संचालक मनीष मिश्रा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया.

पीड़िता ने बताया कि वह अपने दिव्यांग बेटे के साथ रहती हैं. बारिश के दिनों में घर में पानी भर जाने से बेटे को बाहर ले जाने में परेशानी होती है. इसी कारण उन्होंने मकान की पहली मंजिल बनवाकर लिफ्ट लगाने का निर्णय लिया. इसके लिए भोपाल की सेल्को लिफ्ट एंड एस्केलेटर कंपनी से 7 लाख रुपये में अनुबंध किया गया.

समझौते के अनुसार उन्होंने 1 अक्टूबर 2025 को 1 लाख, 31 अक्टूबर 2025 को 1 लाख 99 हजार और 24 जून 2026 को 99 हजार 995 रूपये रुपये देकर कुल 4 लाख रुपये एडवांस जमा कराए. कंपनी ने मकान का निर्माण और पुताई पूरी होने के बाद लिफ्ट लगाने का भरोसा दिया था. करीब 20 दिन पहले मकान तैयार हो गया, लेकिन कंपनी ने काम शुरू नहीं किया और न ही एडवांस राशि लौटाई.

## एक पेड़ बेटी के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**नर्मदापुरम.** महिला एवं बाल विकास परियोजना शहरी नर्मदापुरम अंतर्गत सेक्टर-4 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-95, प्रताप नगर रसूलिया में बुधवार को 'एक पेड़ बेटी के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम परियोजना अधिकारी प्रीति यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के सम्मान के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा. इस अवसर पर लाडली बालिकाओं तन्वी गौर एवं रिधवी शर्मा के नाम पर पौधे रोपे गए. जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया.

## कावड़ यात्रा 23 को आंवली घाट से होगी प्रारंभ

24 अगस्त श्रावण सोमवार को तिलक सिंदूर पहुंचेगी

**सिवनी मालवा, 5 अगस्त. सिवनी मालवा तहसील में श्रावण मास के धार्मिक आयोजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जारी हैं. इसी क्रम में मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस वर्ष आयोजित होने वाली मां नर्मदा कावड़ यात्रा की रूपरेखा तय की गई.**

बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रावण मास के पावन अवसर पर 23 अगस्त को मां नर्मदा कावड़ यात्रा आंवली घाट से प्रारंभ होगी तथा 24 अगस्त श्रावण सोमवार को तिलक सिंदूर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा. यात्रा के संयोजक रामजीवन साहब एवं संरक्षक महेश गोयल ने बताया कि ब्रह्मलीन संत उमानाथ जी महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हुई यह कावड़ यात्रा इस वर्ष अपने 17वें वर्ष में प्रवेश कर रही है. यात्रा में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे और मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर पदयात्रा करेंगे. कावड़ यात्रा आंवली घाट से प्रारंभ होकर ग्वाड़ी, हथनापुर, बूंडारा कला, गोंडी खरार, चौंतलाय, धमासा, झिल्लाय, सतवासा, उराड़ी, बघवाड़ा होते हुए तिलक सिंदूर महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना करेंगे.

### नौवीं कावड़ यात्रा में 150 श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**पिपरिया.** महतारी जनकल्याण समिति पिपरिया द्वारा लगातार नौवें वर्ष विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया. शाडिल्य ऋषि की तपोभूमि साडिया से शुरू हुई यात्रा का समापन पचमढ़ी स्थित जटाशंकर धाम में भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ हुआ. यात्रा में करीब 150 कावड़ यात्री शामिल हुए. समिति अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ की प्रदेश महासचिव मीरा गढ़वाल ने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया.

## रेलवे कर्मचारियों की मांगों को लेकर महाप्रबंधक को ज्ञापन

**इटारसी.** जबलपुर जोन के रेलवे कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और विभिन्न मांगों के शीघ्र निराकरण को लेकर संगठन के महामंत्री अशोक शर्मा ने महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द समाधान की मांग की गई. संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन किया जाएगा. पदाधिकारियों ने कहा कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी.

## सिवनी मालवा पुलिस ने 40 फरार वारंटी किए गिरफ्तार

- थाना पुलिस ने अकेले 28 वारंटियों को दबोचा
- रातभर चले विशेष कांबिंग अभियान में कार्रवाई

**सिवनी मालवा, 5 अगस्त. सिवनी मालवा थाना पुलिस ने अकेले 28 वारंटियों को गिरफ्तार कर अनुभाग की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया.**

नर्मदापुरम पुलिस द्वारा अपराधियों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष कांबिंग गश्त अभियान के तहत सिवनी मालवा अनुभाग पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. 2 एवं 3 अगस्त 2026 की रात चलाए गए विशेष अभियान में अनुभाग के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 40 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.

इसके साथ ही सक्रिय बदमाशों, निगरानीशुदा अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की भी सघन जांच कर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की गई.

अभियान के दौरान थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के नेतृत्व में सिवनी मालवा थाना पुलिस ने सर्वाधिक 28 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर अनुभाग की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. वहीं डोलरिया थाना पुलिस ने 5 तथा शिवपुर थाना पुलिस ने 7 फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया. इस प्रकार सिवनी मालवा अनुभाग में कुल 40 फरार वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई. विशेष कांबिंग अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों, निगरानीशुदा बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की. फरार आरोपियों की धरपकड़ के साथ पुलिस ने अपराधियों में कानून का भय कायम रखने तथा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्रवाई की. यह अभियान पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा भापुसे के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन तथा संबंधित अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया. सभी थाना प्रभारियों ने अलग-अलग टीमों का गठन कर योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई को अंजाम दिया.

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फरार वारंटियों, आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था प्रभावी रूप से बनी रहे

## नर्मदापुरम में कांबिंग गश्त में 180 फरार वारंटी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम. जिले में फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए नर्मदापुरम पुलिस ने 2 और 3 अगस्त की रात विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया.**

देर रात तक चले इस अभियान में पुलिस ने जिलेभर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर 180 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. पुलिस ने गुंडे-बदमाशों और संदिग्ध व्यक्तियों की भी सघन जांच की. सभी थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीमें बनाकर कार्रवाई की गई. सबसे अधिक 28 वारंटी सिवनी मालवा थाना क्षेत्र से, 25 सोहागपुर से, 20 कोतवाली नर्मदापुरम तथा 19-19 इटारसी और माखन नगर थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किए गए.

## कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 5 अगस्त. नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई.**

नर्मदापुरम जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने सहभागिता की. बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे.

जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि बैठक में 'संगठन सृजन अभियान' के तहत कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को बूथ से जिला स्तर तक सक्रिय करने और संगठन में नई ऊर्जा लाने पर चर्चा हुई.

कार्यशाला

### पुलिस ने स्कूल जाकर छात्राओं को पाक्सो एक्ट की दी जानकारी

# सृजन संवाद में बच्चों ने समझा साइबर ठगी



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 5 अगस्त. बच्चों और युवाओं को कानून, बाल संरक्षण और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नर्मदापुरम पुलिस द्वारा संचालित पुलिस सृजन संवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार को शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय, पवारखेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के नेतृत्व में हुआ. महिला थाना प्रभारी राखी मौर्य ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बच्चों के साथ होने वाले लैंगिक अपराधों से बचाव, कानूनी प्रक्रिया और सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में समझाया. उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की संदिग्ध या आपत्तिजनक स्थिति की जानकारी तत्काल परिजनों, शिक्षकों या पुलिस को देने की अपील की.

साइबर सेल के संदीप यदुवंशी ने सोशल मीडिया फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और एपीके फ्रॉड से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए.

कार्यक्रम में डॉ. संगीता सूर्यवंशी ने मौलिक अधिकारों, जबकि व्यायाम निर्देशक राजेंद्र प्रसाद नामदेव ने संविधान एवं कानून की मूल भावना पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार साहू ने अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. अंत में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, बाल संरक्षण और कानून का पालन करते हुए जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया.

## बैंक खाते से 1.02 लाख की ऑनलाइन ठगी, प्रकरण दर्ज

**इटारसी.** रॉयल स्टेट महर्षि कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय संजय पिता छोटेलाल प्रजापति ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए. अज्ञात आरोपी ने उनके बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 1 लाख 2 हजार 950 रुपए निकाल लिए. पीड़ित की शिकायत पर इटारसी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना 13 फरवरी की है. संजय प्रजापति के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने छलपूर्वक उक्त राशि निकाल ली. घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने 4 अगस्त की रात अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया.

## उत्कृष्ट कार्य हेतु सीएमओ हुए सम्मानित

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को दिया प्रशस्ति पत्र




**सोहागपुर, 5 अगस्त. सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा सोहागपुर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है.**

दरअसल सीएमओ ने सीएम हेल्पलाइन (181) में प्राप्त शिकायतों पर व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अपने अधीनस्थ स्टाफ के माध्यम से उनका निराकरण करने में सफलता प्राप्त की. जून माह में शिकायतों के निराकरण का वेटेज 94.5 प्रतिशत रहा. जिससे निकाय को शिकायतों की निराकरण हेतु ए ग्रेड मिला. उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को शिकायतों के शत प्रतिशत निराकरण हेतु कलेक्टर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर चुके हैं. कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला प्रशासन की ओर से सीएमओ एवं निकाय अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी निष्ठावान एवं समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा की है.